सरकार को कुल कितने ब्याज का भुगतान किया है ; और

(ग) वर्ष 1971-72 में कितने ब्याज का भुगतान किया जाना है ?

वित्त मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) 31 मार्च 1971 को 397.73 करोड़ रुपये बकाया थे ।

(ख) वित्तीय वर्ष 1968-69 में 18.13 करोड़ रुपये, 1969-70 में 19.46 करोड़ रुपये और 1970-71 में 19.45 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में अदा किए गए ।

(ग) लगभग 19.59 करोड़ रुपये ब्याज के रूप में दिये जाएंगे ।

बिहार, राजस्थान और केरल पर बकाया ऋण

3784. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय बिहार, राजस्थान और केरल पर कुल कितना बकाया केन्द्रीय ऋण है ;

(ख) वित्तीय वर्ष 1971-72 में उक्त राज्यों को कितना-कितना ऋण दिया जायेगा ; और

(ग) उक्त राज्यों को दिये गये ऋण पर ब्याज की दर कितनी है तथा इन राज्यों पर ब्याज की कुल कितनी-कितनी राशि बकाया है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० गणेश) : (क) 31 मार्च 1971 को बिहार, राजस्थान और केरल सरकारों के नाम क्रमशः 580.72 करोड़ रुपये, 567.55 करोड़ रुपये और 251.25 करोड़ रुपये के केन्द्रीय ऋण बकाया थे ।

(ख) बिहार, राजस्थान और केरल के लिये निर्धारित केन्द्रीय सहायता में क्रमशः 47.32 करोड़ रुपये, 30.80 करोड़ रुपये और 24.50 करोड़ रुपये के इकट्ठे ऋण शामिल हैं । इसके अतिरिक्त, राज्य सरकारों को, अल्प बचतों की संगृहीत राशियों के बदले और केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं आदि की वित्त व्यवस्था करने के लिये ऋण मिलेंगी ।

राज्य सरकारों ने अपने 1971-72 के बजटों में केन्द्रीय ऋणों के रूप में निम्नलिखित रकमों की प्राप्ति होने की कल्पना की है :—

बिहार	61.49 करोड़ रुपये
राजस्थान	35.94 " "
केरल	48. 65 " "

(ग) राज्य सरकारों को दिये जाने वाले केन्द्रीय ऋणों पर सामान्यतः 5 प्रतिशत वार्षिक की दर से ब्याज लगता है और ठीक समय पर ऋणों की वापसी तथा ब्याज की अदायगी किये जाने पर 1/4 प्रतिशत की छूट दी जाती है इस समय, बिहार, राजस्थान और केरल सरकारों के नाम, केन्द्रीय ऋणों पर देय ब्याज की कोई रकम बकाया नहीं है ।

Construction of an Aerodrome near Pinjore in Haryana

3785. SHRI M. SATYANARAYAN RAO: Will the Minister of TOURISM AND CIVIL AVIATION be pleased to state :

(a) whether an aerodrome is proposed to be constructed near Pinjore in Haryana for tourists ;

(b) if so, whether the Haryana Government has approached the Centre for financial assistance in this connection ;

(c) if so, the amount of assistance asked for ;

(d) the reaction of Government thereto ; and

(e) when the aerodrome is likely to be